Code No.
कोड नं. **66/1/3**

- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन

Time allowed : 3 hours ***Maximum Marks : 100***

निर्धारित समय : 3 घण्टे ***अधिकतम अंक : 100***

General Instructions :

*(1) Answers to questions carrying **2-3** marks should not exceed **30-40** words.*

*(2) Answers to questions carrying **4-5** marks should not exceed **60-80** words.*

*(3) Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.*

(4) Attempt all parts of a question together.

सामान्य निर्देश :

(1) ***2-3*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर* ***30-40*** *शब्दों से अधिक न हों।*

(2) ***4-5*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर* ***60-80*** *शब्दों से अधिक न हों।*

(3) ***6*** *अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक न हों।*

(4) *किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।*

1. What is meant by the product concept of marketing ? **2**
   विपणन की उत्पाद अवधारणा से क्या आशय है ?

2. How does marketing help a firm to build goodwill in the market ? **2**
   विपणन, बाजार में किसी व्यवसाय की ख्याति बनाने में किस प्रकार सहायता करता है ?

3. What is meant by 'economic environment' of business ? **2**
   व्यवसाय के 'आर्थिक वातावरण' से क्या आशय है ?

4. Enumerate any **two** points of importance of directing as a function of management. **2**
   प्रबन्ध के कार्य के रूप में निर्देशन के महत्त्व के किन्हीं **दो** बिन्दुओं की गणना कीजिए।

5. State any **two** functions of middle-level management. **2**
   मध्यस्तरीय प्रबन्ध के कोई **दो** कार्य बताइये।

6. State any **three** features of personal selling. **3**
   व्यक्तिगत विक्रय की कोई **तीन** विशेषताएँ बताइये।

7. "All managers are leaders, but all leaders are not managers." Do you agree with this statement ? Give any **three** reasons in support of your answer. **3**
   ''सभी प्रबन्धक नेता होते हैं, परन्तु सभी नेता प्रबन्धक नहीं होते।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **तीन** कारण दीजिए।

8. Enumerate any **three** market related factors that should be kept in view while taking decision on the choice of channels of distribution of any product. **3**
   किसी उत्पाद के वितरण माध्यम का चुनाव करते समय जिन बाज़ार सम्बन्धी घटकों को ध्यान में रखना चाहिए उनमें से किन्हीं **तीन** की गणना कीजिए।

9. How does motivation improve the efficiency of workers in an organisation ? Give any **three** points **3**

किसी संगठन में अभिप्रेरणा श्रमिकों की कार्यकुशलता को किस प्रकार सुधारता है ? कोई **तीन** बिन्दु दीजिए।

10. An organisation follow the principles of management. What are the positive effects of each of the following principles of management on the organisation ?

(i) Unity of direction,

(ii) Esprit de crops, and

(iii) Subordination of individual interests to general interests. **3**

एक संगठन, प्रबन्ध के सिद्धान्तों का पालन करता है। संगठन पर प्रबन्ध के निम्नलिखित प्रत्येक सिद्धान्त का सकारात्मक प्रभाव क्या होता है ?

(i) निर्देश की एकता,

(ii) सहयोग की भावना, एवं

(iii) सामूहिक हितों के लिये व्यक्तिगत हितों की अधीनता

11. Distinguish between Capital market and Money market on the basis of

(i) Liquidity,

(ii) Expected return,

(iii) Duration, and

(iv) Instruments traded. **4**

(i) तरलता,

(ii) अपेक्षित लाभ,

(iii) अवधि, एवं

(iv) लेन-देन किये जाने वाले प्रपत्र,

के आधार पर पूँजी बाजार तथा मुद्रा बाजार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

12. "Securities and Exchange .Board of India (SEBI) is the watchdog of the securities market." Do you agree ? Give **four** reasons in support of your answer. **4**

''भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रतिभूति बाज़ार का हितप्रहरी है।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में **चार** कारण दीजिए।

13. Define the term 'Functional Structure' of an organisation and enumerate any **three** merits of this form of organizational structure. **4**

किसी संगठन के 'क्रियात्मक ढाँचे' की परिभाषा दीजिए तथा इस संगठनात्मक ढाँचे के स्वरूप के किन्हीं **तीन** लाभों की गणना कीजिए।

14. You are the representative of workers in a factory and want to impress upon the management the need for introducing time-rate system in place of existing piece-rate system of wage payment. What **four** reasons would you like to give to the management to justify your viewpoint ? Explain, in brief. **4**

आप किसी कारखाने में श्रमिकों के प्रतिनिधि हैं तथा आप प्रबन्धकों पर यह प्रभाव डालना चाहते हैं कि वर्तमान कार्यानुसार मज़दूरी भुगतान विधि के स्थान पर समयानुसार मज़दूरी भुगतान विधि लागू की जाये। प्रबन्धकों को अपना दृष्टिकोण उचित सिद्ध करने के लिए आप कौन से **चार** कारण देना चाहेंगे ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

15. Describe, in brief, Taylor's principles of

(i) Science, not the rule of thumb, and

(ii) Harmony, not discord. **4**

टेलर के सिद्धान्तों

(i) विज्ञान, न कि रूढ़िवादिता, तथा

(ii) समन्वय, न कि मतभेद,

का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

16. Explain any **five** factors that affect the requirement of fixed capital of an enterprise. **5**

ऐसे किन्हीं **पाँच** घटकों को व्याख्या कीजिये जो किसी उद्यम की स्थायी पूँजी की आवश्यकता पर प्रभाव डालते हैं।

17. You are a newly appointed finance advisor in a company and found that the company is over-capitalised. The management does not agree with your findings. Convince the management by giving **five** reasons in support of your viewpoint. **5**

आप किसी कम्पनी में नव नियुक्त वित्त सलाहकार हैं तथा आपने पाया कि कम्पनी अतिपूँजीकृत है। प्रबन्ध आपके निष्कर्षों से सहमत नहीं है। आपने दृष्टिकोण के समर्थन में कोई **पाँच** कारण देते हुए प्रबन्ध को विश्वास दिलाइये।

18. Explain any five major changes initiated by the Government of India since 1991 to modernise India's Industrial system. **5**

ऐसे किन्हीं पाँच मुख्य परिवर्तनों को संक्षेप में समझाइये जो भारत सरकार ने भारतीय औद्योगिक प्रणाली के आधुनिकीकरण हेतु 1991 से लागू किए हैं।

19. "Controlling helps in achieving objectives of the organisation and improving employees' morale." Explain this statement, in brief. **5**

''नियंत्रण, संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति तथा कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने में सहायता करता है।'' इस कथन की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

20. "Management is regarded as fully-developed profession." Do you agree ? Give reasons. **5**

''प्रबन्ध पूर्ण रूप से विकसित पेशा समझा जाता है।'' क्या आप सहमत हैं ? कारण दीजिए।

21. Why is the employees' training necessary in an organisation ? Explain in brief any **six** reasons. **6**

OR

Explain, in brief, any **six** steps involved in the selection procedure of employees.

किसी संगठन में कर्मचारियों का प्रशिक्षण क्यों आवश्यक है ? किन्हीं **छः** कारणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

कर्मचारियों की चयन प्रक्रिया में निहित किन्हीं **छः** चरणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

22. Explain the various factors which should be considered before taking decision on the choice of a particular medium of advertising for a product. **6**

OR

You are the marketing manager of a company manufacturing toy car. Which media would you choose for advertising your product ? Explain in brief, any **five** reasons in support of your answer.

किसी उत्पाद के लिए एक विशेष विज्ञापन माध्यम का चुनाव करने से पहले जिन विभिन्न घटकों को ध्यान में रखना चाहिए उनकी व्याख्या कीजिए।

अथवा

आप किसी कम्पनी में जो खिलौना कार का निर्माण करती है, के विपणन प्रबन्धक हैं। आप अपने उत्पाद के विज्ञापन हेतु किस माध्यम का चुनाव करेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **पाँच** कारण संक्षेप में समझाइये।

23. Explain, in brief, any **six** remedies available to consumers under the Consumer Protection Act, 1986. **6**

OR

Explain, in brief, any **four** rights of consumers as provided under the Consumer Protection Act, 1986.

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को उपलब्ध किन्हीं **छः** उपचारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को उपलब्ध किन्हीं **चार** अधिकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

24. Distinguish between formal and informal organisations on the basis of **6**

(i) formation,

(ii) purpose,

(iii) structure,

(iv) behaviour of memebers,

(v) stability, and

(vi) adherence to rules. **6**

OR

"Authority can be delegated but accountability cannot." Explain the statement.

(i) संरचना,

(ii) उद्देश्य,

(iii) ढाँचा,

(iv) सदस्यों का व्यवहार,

(v) स्थायित्त्व, एवं

(vi) नियमों का पालन,

के आधार पर औपचारिक तथा अनौपचारिक संगठनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

''अधिकार का अन्तरण किया जा सकता है परन्तु उत्तरदेयता का नहीं।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

25. Explain, in brief, any **six** features of planning. **6**

OR

Defining 'organisational objectives' is the first step in the process of planning. Explain, in brief, the other steps of this process.

नियोजन की किन्हीं **छः** विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

'संगठनात्मक उद्देश्यों' को परिभाषित करना नियोजन प्रक्रिया का प्रथम चरण है। इस प्रक्रिया के अन्य चरणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।